गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में 'पुराने खेल-डिजिटल अवतार' विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग एवं आई.ई.डी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में 'पुराने खेल-डिजिटल अवतार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर अम्बाला कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च के मनोहर लाल ने शिरकत की।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि 'पुराने खेल-डिजिटल अवतार' एक ऐसा संयोजन है जो परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम दर्शाता है। यह नए युग में पारंपरिक भारतीय खेलों की अविचल अवधारणा को प्रस्तुत करने, प्रचारित करने और पुनर्जीवित करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है।

कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता मनोहर लाल ने बेहद ही सरल शब्दों में विद्यार्थियों को पारंपरिक खेलों को डिजिटल प्रारूप में रूपांतरित करना, प्रौद्योगिकी की उन्नति का उपयोग करते हुए जैसे मोबाइल एप्लीकेशन, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी और खेलने की तकनीक से रू-ब-रू कराया।

कार्यशाला की संचालिका प्रो. नीलम ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक खेलों को डिजिटल रूप से लागू करने के लिए विभिन्न मोड की जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने का भी अवसर प्रदान किया गया। कार्यशाला में कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष डा. उपिन्द्र कौर, डा. सुरजीत एवं प्रो. सुषमा शर्मा के अलावा लगभग 55 विद्यार्थी मौजूद रहे।

कार्यशाला में व्याख्यान देते मुख्य वक्ता। (चंद्रमोहन)

पंजाब केसरी 22/03/2024